हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्रमांक 1624 /परीक्षा/पी–एच.डी./कोर्सवर्क/2023 दुर्ग दिनांक 22/03/2023

//अधिसूचना//

पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2022–23

विश्वविद्यालयीन अध्यादेश क्रमांक –45 के प्रावधानानुसार पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2022–23 आयोजन अधिसूचना एतद् द्वारा निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है।

1. विश्वविद्यालय द्वारा पी–एच.डी. (Ph.D) कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा ऑफलाईन माध्यम से **दिनांक 11.04.2023 दिन मंगलवार को समय प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक** परीक्षा केन्द्र **हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग प्रशासनिक भवन** में आयोजित की जायेगी।
2. परीक्षार्थी **प्रातः 10:00 बजे तक** निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. **समस्त शोधार्थी जो कोर्सवर्क परीक्षा 2023 में सम्मिलित हो रहे हैं, उन्हें संबंधित शोध केन्द्र से 06 माह के कोर्सवर्क पूर्ण करने का प्रमाण पत्र (विभागाध्यक्ष तथा संबंधित शोध केन्द्र के प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित) परीक्षा तिथि को अनिवार्य रूप से लाना होगा, अन्यथा उन्हें कोर्सवर्क परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
4. **परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त एक पहचान पत्र जैसे– पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधारकार्ड/वोटर आई.डी. आदि लाना अनिवार्य है।**
5. जिन परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय में अब तक नामांकन (Enrollment) आवेदन नहीं किया है वे परीक्षा तिथि के पूर्व नामांकन हेतु ऑफलाईन आवेदन जमा कर विश्वविद्यालय के पी–एच.डी. शाखा से नामांकन नंबर अवश्य प्राप्त कर लेवें। नामांकन नंबर नहीं होने की स्थिति में संबंधित परीक्षार्थी का परिणाम जारी नहीं किया जायेगा। जिनके पास नामांकन नंबर है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
6. प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in-Quick Link-Admit Card Ph.D. Coursework Exam-2023** पर जाकर **दिनांक 23/03/2023** से डाउनलोड कर सकते हैं।
7. पी–एच.डी. कोर्सवर्क से संबंधित लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्नों से युक्त कुल 100 अंकों की होगी। जिसमें दो भाग होंगे। प्रथम भाग में अनुसंधान की प्रविधि, प्रक्रिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग से संबंधित 35 प्रश्न एवं द्वितीय भाग में शोध एवं प्रकाशन नैतिकता से संबंधित 15 प्रश्न पूछे जायेंगे।
8. यूजीसी के नियमानुसार शोधार्थी को कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 55 प्रतिशत् अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
9. विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक 45 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधानानुसार ऐसे शोधार्थी जिन्होंने एम.फिल की परीक्षा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से उत्तीर्ण की हो एवं उक्त एम. फिल की अंकसूची में रिसर्च मैथडोलॉजी एक अनिवार्य प्रश्नपत्र के रूप में लिया हो एवं जिन्हें विभागीय शोध उपाधि समिति (डी.आर.सी.) द्वारा नियमों को ध्यान में रखते हुए कोर्सवर्क परीक्षा से छूट प्रदान किया गया हो, केवल ऐसे ही शोधार्थी पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा से छूट हेतु पात्र होंगे।

क्रमशः 02.......

10. पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा प्रणाली

परीक्षा पद्धति– पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) होंगे।

प्रश्न	अंक	विवरण
01 से 35 प्रश्न	35 X 02 = 70 अंक	प्रथम भाग–अनुसंधान की प्रविधि, प्रकिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग
36 से 50 प्रश्न	15 X 02 = 30 अंक	द्वितीय भाग– शोध एवं प्रकाशन नैतिकता
कुल = 50 प्रश्न	50 X 02 = 100 अंक	कुल 100 अंक में 55 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

11. पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2022–23 निम्नलिखित विषयों के लिए आयोजित होगी–

1. हिन्दी	5. राजनीति विज्ञान	9. भौतिकी	13. रसायन शास्त्र
2. इतिहास	6. गणित	10.वनस्पति विज्ञान	14. प्राणी विज्ञान
3. माइक्रोबायोलॉजी	7. भूगोल	11. वाणिज्य	15. शिक्षा
4. अंग्रेजी	8. अर्थशास्त्र	12. समाजशास्त्र	–

12. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। सभी परीक्षार्थियों के लिए मास्क अनिवार्य है। बिना मास्क के परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षार्थियों को काले/नीले बॉल प्वाईंट पेन, सेनेटाइजर, पानी की पारदर्शी बोतल रखने की अनुमति होगी।

13. परीक्षा संबंधी किसी भी विवाद पर कुलपति महोदया, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

कमांक 1625 /परीक्षा/पी–एच.डी./कोर्सवर्क/2023 दुर्ग दिनांक 22/03/2023

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित शोधकेन्द्र/ परीक्षा केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, समस्त विभाग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
4. पी–एच.डी. शाखा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सूचनार्थ।
6. मेसर्स, लर्निंग स्पाईरल प्रा.लि., हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. सम्पादक समस्त क्षेत्रों के समाचार पत्रों को सूचनार्थ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग